# रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

## संकायाध्यक्षों की बैठक संपन्न

जबलपुर 18 मई। आज रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के संकायाध्यक्षों की बैठक आयोजित हुई बैठक की अध्यक्षता डॉ कपिल देव जी मिश्र कुलपति रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय द्वारा की गई। इस बैठक में डॉ अतुल दुबे, डॉ एस.एस. संधू, डॉ. ममता राव, डॉ. भरत तिवारी, डॉ. आर.के. यादव, डॉ. पी.के. खरे, डॉ मृदुला दुबे आदि उपस्थित थे। इस बैठक में माननीय कुलपति जी द्वारा प्रत्येक संकायाध्यक्ष से बारी बारी से उनके संकाय की जानकारी प्राप्त की और साथ ही बताया कि विश्वविद्यालय में निरंतर ऑनलाइन कक्षाएं आयोजित हो रही हैं और उनके सकारात्मक परिणाम भी आ रहे हैं। विश्वविद्यालय स्तर पर जो प्रतियोगिताएं आयोजित कर रखी गई उसमें 11000 के आसपास प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जो बड़े गौरव की बात है। परीक्षा संचालन, पीएचडी कोर्स वर्क, प्री–पीएचडी और विश्वविद्यालय के विभिन्न आयामों पर चर्चा की जो सार्थक और संपन्न हुई।